देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 15 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार–प्रवाह...**अहम सवाल भी उठाए




# पेज थ्री

देहरादून, बुधवार, 8 अप्रैल 2020




मौसम — अधिकतम 30.0° न्यूनतम 14.0°

30067.21

2 चीन ने अब ब्रिटेन को लगाया चूना

7 बिना दर्शक आईपीएल खेलने में दिक्कत नहीं

# भारत का ट्रंप को करारा जवाब

## कहा, अपनी जरूरतों को पूरा करने के बाद होगा दवा देने पर विचार

### भारत ने हाइड्रॉक्सीक्लोरोक्वीन पर से प्रतिबंध नहीं हटाया तो अमेरिका भी जवाबी देगा: ट्रंप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। विदेश मंत्रालय ने ट्रंप के बयान को अधिक तवज्जो देने से मना करते हुए कहा कि इस मुद्दे पर बेवजह विवाद खड़ा किया जा रहा है। ट्रंप ने अमेरिका में दिये अपने बयान में कहा था कि अगर भारत ने हाइड्रॉक्सीक्लोरोक्वीन पर से प्रतिबंध नहीं हटाया तो अमेरिका भी जवाबी कार्रवाई कर सकता है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अनुराग श्रीवास्तव ने इसके बाद उठे विवाद पर कहा कि यह किसी भी सरकार का दायित्व होता है कि पहले वह सुनिश्चित करे कि उसके अपने लोगों के पास दवा या इलाज के हर जरूरी संसाधन उपलब्ध हों। इसी के मद्देनजर शुरू में कुछ एहतियाती कदम उठाए गए थे और कुछ दवाओं के निर्यात को प्रतिबंधित किया गया था।

**तसल्ली होने पर हटाए प्रतिबंध**

बाद में स्थिति की समीक्षा की गयी और इस बात की तसल्ली की गयी कि देश के अंदर की जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त दवा है, तब जाकर इन अधिकतर प्रतिबंध को हटा लिया गया। सोमवार को 14 दवाओं पर लगे प्रतिबंध को हटा दिया गया। जहां तक पैरासिटामोल और हाइड्रोक्सीक्लोरोक्वीन की बात है वह लाइसेंस कैटेगरी में रहेगी और उसकी मांग पर लगातार नजर रखी जाएगी। लेकिन अगर मांग के अनुरूप आपूर्ति रही तो फिर कुछ हद तक निर्यात की अनुमति दी जा सकती है।

मालूम हो कि दाव और मेडिकल डिवाइस को लेकर भारत–अमेरिका के बीच यह कोई नया विवाद नहीं है। दोनों देशों के बीच बहुप्रतीक्षित ट्रेड डील के लटकने के पीछे इस पर भारत की सख्ती ही मुख्य कारण बतायी जा रही है।



**भारत मानवीयता के आधार पर देगा दवा**

विदेश मंत्रालय ने यह भी कहा कि कोरोनावायरस महामारी के समय भारत ने हमेशा कहा है कि ऐसे कठिन हालात में पूरे विश्व को एक होकर इससे लड़ना होगा। इसमें मानवीय पहलू के बारे में भी सोचना होगा। भारत ने कहा कि वह इन दवाओं को उन जरूरतमंद देशों को भी भेजेगा जो इस बीमारी से सबसे अधिक ग्रसित हैं। विदश मंत्रालय ने कहा कि ऐसे कठिन परिस्थिति में किसी तरह के अनर्गल विवाद को खड़ा नहीं किया जाना चाहिए।

### अमेरिका समेत दो दर्जन देशों को होगी आपूर्ति

विदेश मंत्रालय के अधिकारियों का कहना है कि बहुत जरुरमंद देशों को दवाओं की आपूर्ति का फैसला अमेरिकी राष्ट्रपति के बयान से पहले ले लिया गया था और भारत अमेरिका के अलावा कम से कम दो दर्जन देशों को और इस दवा की आपूर्ति करेगा। विदेश मंत्रालय की तरफ से बताया गया है कि कोविड–19 से जुड़ी दवाओं और पैरासिटामोल को लेकर बेवजह का विवाद बनाने की कोशिश की कई स्तरों पर हो रही है। किसी भी जिम्मेदार सरकार की तरह भारत की भी यही कोशिश है कि पहले अपनी जनता के लिए इन दवाओं को सुरक्षित रखा जाए। लेकिन जरुरतमंद देशों को इसकी आपूर्ति की जाएगी। जिन कंपनियों ने निर्यात करने का आर्डर हासिल किया है वे अब निर्यात कर सकेंगी।

## संक्षिप्त समाचार

### सोनिया ने इशारों में पीएम केयर्स फंड पर जताया ऐतराज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। सोनिया गांधी ने मोदी सरकार द्वारा सांसदों के वेतन में 30 फीसदी की कटौती का समर्थन करते हुए पीएम केयर्स कोष पर अपना ऐतराज जताया है। उन्होंने कहा कि पीएम केयर्स कोष की राशि को प्रधानमंत्री आपदा राहत कोष में ट्रांसफर किया जाना चाहिए। उनका कहना है कि पारदर्शिता और विश्वसनीयता के लिए ऐसा करना जरूरी है। वैसे तो सोनिया गांधी की ये बात कोविड–19 से लड़ने के लिए दिए गए 5 सुझावों में से एक है, लेकिन असल में सोनिया गांधी समेत सभी कांग्रेस के लोगों को पीएम केयर्स फंड से आपत्ति है और सुझाव के बहाने सोनिया गांधी ने अपना ऐतराज जाहिर किया है।

### क्वारंटाइन सेंटर में स्टाफ को तंग कर रहे तबलीगी जमात के लोग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। तबलीगी जमात के लोग कैसे क्वारंटाइन सेंटर में मेडिकल स्टाफ को तंग कर रहे है इसका मामला सामने आया है। दिल्ली के नरेला स्थित क्वारंटाइन सेंटर की तरफ से एक एफआईआर दर्ज करवाई गई है, जिसमें तबलीगी जमात के दो लोगों का नाम है। दोनों पर आरोप है कि उन्होंने स्टाफ को तंग करने के लिए उसी कमरे के सामने पॉटी कर दी, जिसमें उन्हें रखा गया था।

### यूके पीएम बोरिस जॉनसन को आईसीयू में किया गया शिफ्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। ब्रिटेन के प्रधान मंत्री बोरिस जॉनसन की हालत बिगड़ने के बाद उन्हें इंटेंसिव केयर यूनिट में शिफ्ट किया गया है। जॉनसन के कार्यालय ने यह जानकारी दी। पीएमओ से मिली जानकारी के मुताबिक पीएम को हर बेहतर इलाज मुहैया करवाया जा रहा है। हालांकि उन्हें वेंटिलेटर नहीं लगाया गया है। उन्हें आईसीयू में शिफ्ट करने की जानकारी महारानी को भी दे दी गई है।

## केजरीवाल ने डॉक्टर, नर्स को जंग का अहम सिपाही बताया, पड़ोसियों को चेताया

# सीएम केजरीवाल बोले 5टी से कोरोना को हराएंगे



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में कोरोना वायरस को रोकने के लिए दिल्ली सरकार क्या कदम उठाएगी इसका प्लान सीएम अरविंद केजरीवाल ने बताया। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली सरकार कोरोना को रोकने के लिए विशेष योजना पर काम कर रही जिसे उन्होंने 5टी नाम दिया है। इसमें टेस्टिंग, ट्रेसिंग, ट्रीटमेंट, टीमवर्क और ट्रैकिंग ऐंड मॉनिटरिंग शामिल है।

**1. टेस्टिंगः** शुक्रवार से हम कोरोना वायरस के रैपिड टेस्ट करेंगे। हम अचानक ही कहीं भी जाकर टेस्ट करेंगे। अगले कुछ दिनों में एक लाख टेस्ट किए जाएंगे। दिल्ली सरकार ने 50,000 हजार टेस्टिंग किट का ऑर्डर भी दिया है, कुछ किट तो आनी भी शुरू हो गई हैं।

**2. ट्रेसिंगः** कोरोना से संक्रमित संदिग्ध लोगों की पहचान की जा रही है, जो आगे भी जारी रहेगी। इसी के साथ उनके क्वारंटाइन करने व इलाज का काम दिल्ली में तेजी से हो रहा है। जो अपने घरों में क्वारंटाइन हैं, उनके बारे में हम पुलिस की मदद से ऐसे लोगों का पता लगाएंगे जो क्वारंटाइन में नियमों का पालन कर रहे हैं या नहीं।

**3. ट्रीटमेंटः** अब तक 526 कोरोना के मामले सामने आए हैं। कुल 3000 बेड तैयार कर लिए हैं, जिसमें सिर्फ कोरोना मरीजों को ही रखा जाएगा। हमने योजना बनाई है, जिसमें 30,000 तक मरीज हो जाएंगे, तो भी हमारे पास पूरे इंतजाम हैं। 12,000 होटल के कमरे टेकओवर किए जाएंगे। 2450 बेड सरकारी अस्पताल में हैं, जबकि बाकी बचे बेड निजी अस्पतालों से लिए गए हैं।

**4. टीम वर्कः** कोई भी अकेला कोरोना के खिलाफ लड़कर जंग नहीं जीत पाएगा। ऐसे में टीम वर्क के साथ काम करना होगा। हम एक–दूसरे से सीखकर भी काम कर सकते हैं। हमें डॉक्टरों और नर्सों की सुरक्षा और रक्षा करनी होगी।

**5. ट्रैकिंगः** योजना का क्रियान्यवयन कैसे हो रहा है? इसकी ट्रैकिंग और मॉनिटरिंग होगी। जो प्लान बनाया है वो ठीक से लागू हो इसकी पूरी जिम्मेदारी मेरी है। अगर कोरोना से 3 कदम आगे रहेंगे तो लड़ाई जरूर जीतेंगे।

**डॉक्टर, नर्स को इस जंग का अहम सिपाहीः केजरीवाल**

केजरीवाल ने यह भी कहा कि अगर दिल्ली में 30 हजार ऐक्टिव मरीज भी हुए तो सरकार तैयार। फिलहाल दिल्ली में 500 मरीज हैं। केजरीवाल ने डॉक्टर, नर्स को इस जंग का अहम सिपाही बताया और पड़ोसियों से उनसे अच्छा बर्ताव करने को कहा।

## लॉकडाउन बढ़ाने पर राज्यों की राय पर कर रही विचार सरकार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश में इस समय 14 अप्रैल तक 21 दिनों का लॉकडाउन लागू है। बावजूद इसके कोरोना संक्रमण के मामले लगातार निकल कर सामने आ रहे हैं। ऐसे में ऐहतियाती तौर पर पहले से ही कई विशेषज्ञों की राय थी कि लॉकडाउन को बढ़ाया जाना चाहिए। अब खबर है कि कई राज्य सरकारों ने भी केंद्र सरकार से आग्रह किया है कि लॉकडाउन को बढ़ाया जाए। सरकार इस दिशा में विचार कर रही है।

सरकारी सूत्रों के मुताबिक, विशेषज्ञों के अलावा कई राज्य सरकारों ने भी केंद्र सरकार से आग्रह किया है कि लॉकडाउन को बढ़ाया जाए। सरकार इस बारे में विचार कर रही है। केंद्र सरकार के दर्जनभर से ज्यादा सचिवों ने सोमवार को लॉकडाउन से जुड़े रणनीतिक मसलों पर मंथन किया। लॉकडाउन से जुड़े रणनीतिक मुद्दों पर बने अधिकार प्राप्त समूह की अध्यक्षता केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने की। फिलहाल जो मेगा प्लान प्रस्तावित है उसके तहत सभी राज्यों को चार कैटेगरी में बांटा जाएगा और उसी हिसाब से अलग–अलग राज्यों या फिर जिलों में लॉकडाउन हटाने और सेवा शुरू करने के बारे में सोचा जा रहा है। इनमें ज्यादा एक्टिव कोरोना वाले इलाकों में लॉकडाउन से छूट नहीं दी जाएगी।

### कोरोना केसों के आधार पर चार कैटेगरी में बंटेंगे राज्य

## भारत में कोरोना के बढ़ते जा रहे हैं मामले

### संक्रमितों की संख्या 4,421 पर पहुंच गई, 114 मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश में कोरोना वायरस संक्रमण के चलते मंगलवार को मृतकों का आंकड़ा 114 हो गया है और कुल संक्रमितों की संख्या 4,421 पर पहुंच गई है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक देश में 3,981 लोग अब भी संक्रमित हैं, करीब 325 लोगों को इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दी जा चुकी है और एक व्यक्ति विदेश जा चुका है। कुल मामलों में 66 विदेशी नागरिक हैं। सुबह नौ बजे तक मंत्रालय के अद्यतन आंकड़ों के मुताबिक राजस्थान में तीन और लोगों की मौत हो गई जबकि त्रिपुरा में कोरोना वायरस का पहला मामला सामने आया है। कोरोना वायरस से सबसे ज्यादा 45 मौत महाराष्ट्र में हुई है।

इसके बाद गुजरात में 12, मध्य प्रदेश में नौ, तेलंगाना और दिल्ली में सात–सात, पंजाब में छह और तमिलनाडु में पांच मौतें हुई हैं। वायरस से निपटने के लिए देश में 21 दिनों का लॉकडाउन लागू है।


**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in